# MODEL QUESTIONS
# FOR
# MATRIC EXAMINATION
# SUBJECT-HINDI
# SET-2

(समय– 3 घंटे 15 मिनट) (पूर्णाक–100)

प्रश्न 1.(अ) निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। 6X2= 12

साहित्यकार ''साहित्य'' की रचना करता है। साहित्य का अर्थ है जिसमें सबों का हित सन्निहित हो। इस अर्थ में साहित्य, वह चाहे किसी भी विधा की रचना हो, कविता, कहानी, नाटक, उपन्यास या निबंध आदि में से कोई भी हो; वह व्यक्ति एवं समाज के कल्याण के लिए होता है। सच्चा साहित्य समाज को बदल सकने में सक्षम होता है। सच्चा साहित्य ऐसा परिवर्तन ला सकता है, जिसकी हम परिकल्पना भी नहीं कर सकते। सच तो यह है कि कवि या लेखक अपनी रचना में अपने मनोगत विचार प्रकट करते हैं, वे विचार पाठकों में नए संस्कार, नए चिंतन, नए विमर्श एवं नई तर्क शक्ति पैदा करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। संत कवि तुलसीदास,कबीरदास, रैदास, गुरु नानक एवं गुरु गोविन्द सिंह की परम कल्याणमयी परावाणी मानव जाति की अमूल्य निधि हैं। उनके अध्ययन से हम नई दिशा एवं नई ऊर्जा पाते है। हमारा चिंतन और विचार पवित्र एवं परिष्कृत बनता है।

(क) साहित्य की रचना कौन करता है ?
(ख) सच्चा साहित्य हम में बदलाव ला सकता है कैसे ?
(ग) साहित्य में सबों का हित सन्निहित होता है, स्पष्ट करें ?
(घ) कवि या लेखक अपनी रचना में सुधारवाद को प्रश्रय देते है। ऐसे कुछ कवियों के नाम बताएँ।
(ड़) अच्छा साहित्य हमारा सच्चा मित्र है, इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं, स्पष्ट करें।
(च) भक्तों एवं संतों की वाणी मानव जाति की अमूल्य निधि है ' स्पष्ट करें।

प्रश्न 2. (ब) निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें। 4X2=8

पूस की अँधेरी रात। आकाश में तारे भी ठिठुरते हुए मालूम होते थे। हल्कू अपने खेत के किनारे ईख के पत्तों की एक छतरी के नीचे बाँस के खटोले पर अपनी पुरानी चादर ओढ़े काँप रहा था। नीचे उसका पालतू जबरा पेट में मुँह डाले सरदी से कूँ–कूँ कर रहा था। दोनों में से एक को भी नींद नहीं आ रही थी। हल्कू ने घुटनों को गर्दन से चिपटाते हुए कहा, ''क्यों जबरा'' जाड़ा लगता है ? कहता तो था घर में पुआल पर लेटा रह, पर तू यहाँ दौड़ा–दौड़ा चला आया। अब खाओ ठंड, मैं क्या करूँ ? जबरे ने पड़े–पड़े दुम हिलाई और वह अपनी कूँ–कूँ को दीर्ध बनाता हुआ एक बार जम्हाई लेकर चुप हो गया। उसकी श्वान बुद्धि ने शायद ताड़ लिया कि स्वामी को मेरी कूँ–कूँ से नींद नहीं आ रही है। हल्कू ने हाथ निकालकर जबरा की ठंडी पीठ सहलाते हुए कहा, कल से मत आना मेरे साथ, नही ंतो ठंडे हो जाओगे। यह सर्द पछुआ न जाने कहाँ से बर्फ लिए आ रही है। उठूँ, फिर एक चिलम भरूँ। किसी तरह रात तो कटे। आठ चिलम हो भी चुका। यह खेती का मजा है और एक भाग्यवान ऐसे पड़ें हैं जिनके पास जाड़ा जाए तो गर्मी से घबड़ाकर भागे। मोटे–मोटे गद्दे ,लिहाफ, कंबल। तकदीर की खूबी है। मजूरी हम करें, मजा दूसरे लूटें।

(क) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दें।
(ख) पूस की रात में हल्कू कहाँ सोया था ?
(ग) हल्कू के साथ दूसरा संगी कौन था ?
(घ) ठंड कम करने के लिए हल्कू क्या किया करता था?

प्रश्न 2. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250 शब्दों में किसी एक विषय पर निबंध लिखें। 10

(क) जीवन में पुस्तकों का महत्व
(i) भूमिका
(ii) अच्छी पुस्तकों की पहचान
(iii) अमूल्य साथी है पुस्तक
(iv) अच्छी पुस्तकों की पहचान
(v) उपसंहार।

(ख) लोकतंत्र और चुनाव
(i) भूमिका
(ii) निर्वाचन प्रणाली
(iii) आम जनता के लिए स्वच्छ चुनाव
(iv) मतदान–आपका अधिकार
(v) उपसंहार।

(ग) सह –शिक्षा
(i) भूमिका
(ii) सह–शिक्षाः प्रारंभ कब से ?
(iii) सह–शिक्षाः क्यों जरूरी ?
(iv) सह–शिक्षा से लाभ और हानि
(v) उपसंहार।

प्रश्न 3. छोटे पुत्र को संबोधित करते हुए पिता का एक पत्र लिखें, जिसमें मनोबल बढ़ाने की कोशिश की गई हो। 5

अथवा

रोगी और चिकित्सक के संवाद को एक वार्तालाप के रूप में लिखे।

प्रश्न 4. अव्यय किसे कहते है ? सोदाहरण लिखें 5

अथवा

उपसर्ग एवं प्रत्यय सोदाहरण लिखे ?

प्रश्न 5. रिक्त स्थानों को भरेः 5**X**1= 5

(क)सुख–दुख़............................................समास का उदाहरण है।
(ख) प्रजाति में........................................... उपसर्ग हैं
(ग) 'ह' का उच्चारण स्थान ......................... है।
(घ) पवन का संधि–विच्छेद ................................ होगा।
(ड़) 'ई' प्रत्यय लगाकर .................................. शब्द बनेगा।

प्रश्न 6. निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध करें:– 5**X**1= 5

(क) मैं एक पत्र लिखा।
(ख) आग लगने से फसल नष्ट हो गया।
(ग) आँख भर आया।
(घ़) मैंने पुस्तक खरीदा।
(ड.) रात बीत गया।

प्रश्न 7. स्तंभ ''अ'''और ''ब'' का सही मिलान करें।

| अ | ब |
|---|---|
| (क) भारतमाता | (i) विनोद कुमार शुक्ल |
| (ख) अक्षर–ज्ञान | (ii) प्रेमघन |
| (ग) स्वदेशी | (iii) गुणाकर मूले |
| (घ) मछली | (iv) महात्मा गाँधी |
| (ड़) शिक्षा और संस्कृति | (v) अनामिका |
| (च) नागरी लिपि | (vi) सुमित्रानंदन पंत |

निर्देशः– (प्रश्न संख्या 8 से 12 (iii) और 13 से 17 (iii) तथा 18 से 20 तक के प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में दें)

प्रश्न 8. मछली और दीदी में क्या समानता दिखाई पड़ती है ? 3

प्रश्न 9. बिस्मिल्ला खाँ का परिचय पाठ के आधार पर दे ? 3

प्रश्न 10. शिक्षा का ध्येय गाँधीजी क्या मानते थे और क्यों ? 3

प्रश्न 11. परंपरा का ज्ञान किनके लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है और क्यों ? 3

प्रश्न 12. निम्नांकित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें:–

आपको यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रांरभिक शिक्षा में सफाई, तंदरूस्ती, भोजनशास्त्र, अपना काम आप करने और घर पर माता–पिता को मदद देने वगैरह के मूल सिद्धांत शामिल हों। मौजूदा पीढ़ी के लेखकों को स्वच्छता और स्वावलंबन का कोई ज्ञान नहीं होता और वे शरीर से कमजोर होते हैं। मैं साहस, बल, सदाचार और बड़े लक्ष्य के लिए काम करने में आत्मोत्सर्ग की शक्ति का विकास कराने की कोशिश करूँगा। यह साक्षरता से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। किताबी ज्ञान तो उस बड़े उद्देश्य का एक साधनमात्र है।

(क) इस गद्यांश का अवतरण किस पाठ से है?

(ख) इस पाठ के लेखक कौन हैं?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखें।

प्रश्न 13. कवि ने प्रेम मार्ग को ''अति सूधौं'' क्यों कहा है ? इस मार्ग की क्या विशेषता है? 3

प्रश्न 14. हमारी नींद कविता का संदेश क्या है? 3

प्रश्न 15. विराट जनतंत्र का स्वरूप क्या है ? 3

प्रश्न 16. कवि की दृष्टि में आज के देवता कौन है और वे कहाँ मिलेगें? 3

प्रश्न 17. निम्नांकित पद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:–

लेकिन,होता भूडोल, बवंडर उठते हैं,
जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है;
दो राह, समय के रथ का घर्घर–नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती हैं।

(क) यह पद्यांश किस पाठ से उद्धत है? 1

(ख) इसके रचनाकार कौन हैं? 1

(ग) इस पद्यांश का भाव स्पष्ट करें। 3

प्रश्न 18. लक्ष्मी के चरित्र पर प्रकाश डाले? 3

प्रश्न 19. माँ का चरित्र–चित्रण करें। 3

प्रश्न 20. कहानीकार ने कहानी का शीर्षक''नगर'' क्यों रखा है? शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करें। 4